पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–22] रुड़की, शनिवार, दिनांक 07 अगस्त, 2021 ई0 (श्रावण 16, 1943 शक सम्वत्) [संख्या–32

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	437–464	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	303–307	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	–	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

सहकारिता, गन्ना एवं चीनी अनुभाग–1

अधिसूचना

29 जुलाई, 2021 ई0

संख्या 313/XIV-1/2020-07(01)/2012–राज्यपाल, उत्तराखण्ड सहकारी समिति अधिनियम, 2003 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 05 वर्ष 2003) की धारा 128 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तराखण्ड सहकारी समिति नियमावली, 2004 में अग्रेत्तर संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते है:–

उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) नियमावली, 2021

संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) नियमावली, 2021 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 155 का संशोधन

2. उत्तराखण्ड सहकारी समिति नियमावली, 2004 (जिसे आगे मूल नियमावली कहा गया है) में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 155 के उप नियम (1) के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
प्रत्येक सहकारी समिति अपने शुद्ध लाभ में से सहकारी शिक्षा निधि में वित्तीय वर्ष की समाप्ति के एक माह के भीतर निम्न प्रकार अंशदान करेगी :– (क) प्रारम्भिक सहकारी समिति–1,000/– रु0 प्रति वर्ष,	प्रत्येक सहकारी समिति अपने शुद्ध लाभ में से सहकारी शिक्षा निधि में वित्तीय वर्ष की समाप्ति के एक माह के भीतर निम्न प्रकार अंशदान करेगी :– (क) प्रारम्भिक सहकारी समिति– (i) 5000 रूपये यदि आलोच्य वर्ष का शुद्ध लाभ दस लाख रूपये अथवा उससे कम हों, (ii) 10,000 रूपये यदि वर्ष का शुद्ध लाभ दस लाख रूपये से अधिक पच्चीस लाख रूपये तक हों, (iii) 20,000 रूपये यदि वर्ष का शुद्ध लाभ पच्चीस लाख रूपये से अधिक व पचास लाख रूपये तक हों, (iv) 40,000 रूपये यदि वर्ष का शुद्ध लाभ पचास लाख रूपये से अधिक व एक करोड़ रूपये तक हों, (क) 50,000 रूपये यदि वर्ष का शुद्ध लाभ एक करोड़ रूपये से अधिक हों,

(ख) जिला/केन्द्रीय सहकारी बैंक/नगरीय सहकारी बैंक– 15,000/– रूपये प्रति वर्ष,	(ख) जिला/केन्द्रीय सहकारी बैंक/नगरीय सहकारी बैंक– 75,000 रूपये प्रति वर्ष,
(ग) अन्य केन्द्रीय सहकारी समितियां–7,000 रूपये प्रति वर्ष,	(ग) अन्य केन्द्रीय सहकारी समितियां–20,000 रूपये प्रति वर्ष,
(घ) उत्तरांचल राज्य सहकारी बैंक– 1,50,000 रूपये प्रति वर्ष,	(घ) उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक–2,00,000 रूपये प्रति वर्ष,
(ड) उपर्युक्त "घ" से भिन्न अन्य शीर्ष समितियां– 40,000/– रूपये प्रति वर्ष, प्रतिबन्ध यह है कि निबन्धक किसी सहकारी समिति की आर्थिक स्थिति खराब होने के आधार पर उसे अंशदान कराने से पूर्णतया या अंशतः छूट दे सकता है।	(ड) उपर्युक्त "घ" से भिन्न अन्य शीर्ष समितियां 1,00,000 रूपये प्रति वर्ष: परन्तु यह कि निबन्धक किसी सहकारी समिति की आर्थिक स्थिति खराब होने के आधार पर उसे अंशदान से पूर्णतया या अंशतः छूट दे सकेगी।

नियम 156 का संशोधन

3. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 156 के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(क) सहकारी शिक्षा निधि का प्रबन्ध नियम 160 में निर्दिष्ट विनियमों के अनुसार निम्नलिखित प्रकार से गठित उप समिति की सिफारिशों पर उत्तरांचल राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा किया जायेगा:–	(क) सहकारी शिक्षा निधि का प्रबन्ध नियम 160 में निर्दिष्ट विनियमों के अनुसार निम्नलिखित प्रकार से गठित उप समिति की सिफारिशों पर ***उत्तराखण्ड प्रादेशिक कोआपरेटिव यूनियन लि0*** द्वारा किया जायेगा:–
(i) प्रत्येक शीर्ष स्तर की सहकारी समिति का उस समिति की प्रबन्ध समिति द्वारा नाम निर्दिष्ट एक प्रतिनिधि :	(i) प्रत्येक शीर्ष स्तर की सहकारी समिति का उस समिति की प्रबन्ध समिति द्वारा नाम निर्दिष्ट एक प्रतिनिधि :
(ii) गन्ना आयुक्त, उद्योग निदेशक और दुग्ध आयुक्त में से प्रत्येक का एक–एक नाम निर्दिष्ट व्यक्ति :	(ii) गन्ना आयुक्त, उद्योग निदेशक और दुग्ध आयुक्त, मत्स्य , निदेशक, पशुपालन निदेशक और उद्यान निदेशक में से प्रत्येक का एक–एक नाम निर्दिष्ट व्यक्ति।
(iii) जिला सहकारी बैंकों के सभापतियों में से निबन्धक द्वारा चक्रानुक्रम में एक वर्ष के लिए नामित एक प्रतिनिधि :	(iii) जिला सहकारी बैंक के सभापतियों में से निबन्धक द्वारा चक्रानुक्रम में एक वर्ष के लिए नामित एक प्रतिनिधि,

(iv) सदस्य संयोजक के रूप में कार्य करने के लिए उत्तरांचल राज्य सहकारी विपणन संघ लि0 का प्रबन्ध निदेशक।	(iv) सदस्य संयोजक के रूप में कार्य करने के लिए *उत्तराखण्ड प्रादेशिक कोआपरेटिव यूनियन लि0* का प्रबन्ध निदेशक।
(2) *उत्तरांचल राज्य सहकारी विपणन संघ लि0,* का सभापति ही सहकारी शिक्षा निधि के प्रबन्धन हेतु गठित उप समिति का पदेन सभापति होगा।	(2) *उत्तराखण्ड प्रादेशिक कोआपरेटिव यूनियन लि0* का सभापति ही सहकारी शिक्षा निधि के प्रबन्धन हेतु गठित उप समिति का पदेन सभापति होगा।

नियम 157 का संशोधन **4. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 157 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–**

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
उत्तरांचल राज्य सहकारी विपणन संघ लि0, सहकारी शिक्षा निधि के प्रशासन और उससे सम्बद्ध विषयों के लिए विनियम तैयार करेगी। यह विनियम निबन्धक के अनुमोदन के अधीन होंगे।	**उत्तराखण्ड प्रादेशिक कोआपरेटिव यूनियन लि0** सहकारी शिक्षा निधि के प्रशासन और उससे सम्बद्ध विषयों के लिए विनियम तैयार करेगी। यह विनियम निबन्धक के अनुमोदन के अधीन होंगे।

नियम 223 का संशोधन **5. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 223 के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्:–**

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
समिति धारा 64 के अधीन निबन्धक या लेखा परीक्षा करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को, जाँच और सत्यापन के लिये, जैसे और जब अपेक्षित हो वार्षिक और अन्य विवरणियाँ, जिसके अन्तर्गत किसी सहकारी समिति की अशोध्य तथा संदिग्ध परिसम्पत्तियाँ भी आती हैं, और सभी बहियाँ संगत लेखा, दस्तावेजों, पत्रादि, प्रतिभूतियां, नकदी और अन्य सम्पत्ति उपलब्ध करायेगी।	समिति धारा 64 के अधीन निबन्धक या लेखा परीक्षा करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को, जाँच और सत्यापन के लिये, जैसे और जब अपेक्षित हो वार्षिक और अन्य विवरणियाँ, जिसके अन्तर्गत किसी सहकारी समिति की अशोध्य तथा संदिग्ध परिसम्पत्तियाँ भी आती हैं, और सभी बहियाँ संगत लेखा, दस्तावेजों, पत्रादि, प्रतिभूतियां, नकदी और अन्य सम्पत्ति उपलब्ध करायेगी: परन्तु यह कि सम्बन्धित सहकारी समिति की सामान्य निकाय, समिति की लेखा परीक्षा संचालित कराने हेतु, इस प्रयोजनार्थ अधिनियम की धारा 64 के उपबन्धों के अनुसार तय किये गये चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट के पैनल में से एक चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट की नियुक्ति करेगी।

सम्बन्धित सहकारी समिति के वार्षिक विवरण की एक निश्चित सीमा का निर्धारण करते हुए उक्त निर्धारित सीमा के अन्तर्गत चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट के माध्यम से तथा उक्त निर्धारित सीमा से अधिक का ऑडिट "लेखा परीक्षा (वित्त)" विभाग के माध्यम से करायी जायेगी।

नियम 247 का संशोधन

6. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 247 के उपनियम (1) स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(1) यदि विवाद, सम्पत्ति या धनराशि के दावे से सम्बन्धित हो तो निर्देशः– (क) जिला सहायक निबन्धक को किया जायेगा, यदि अन्तर्ग्रस्त सम्पत्ति का मूल्य या दावे की धनराशि पचास हजार रुपये से अधिक न हों: प्रतिबंध यह है कि यदि विवाद एक ही मण्डल (डिविजन) के एक से अधिक जिलों के दो या दो से अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, यथास्थिति, मण्डल के उप निबन्धक या मुख्यालय के उप निबन्धक को किया जायेगा: अग्रेत्तर प्रतिबंध यह है कि यदि विवाद विभिन्न मण्डलों के एक से अधिक जिले की दो या उससे अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, क्षेत्र (रीजन) के क्षेत्राधिकारयुक्त उप निबन्धक/अपर निबन्धक, मुख्यालय को किया जायेगा: प्रतिबंध यह भी है कि यदि विवाद एक से अधिक अपर निबन्धकों के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत क्षेत्र (क्षेत्रों) में दो या उससे अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, धारा 3 की उप धारा 1 के अधीन नियुक्त निबन्धक,	(1) यदि विवाद, सम्पत्ति या धनराशि के दावे से सम्बन्धित हो तो निर्देशः– (क) जिला सहायक निबन्धक को किया जायेगा, यदि अन्तर्ग्रस्त सम्पत्ति का मूल्य या दावे की धनराशि **दो लाख रुपये से अधिक न हों:** परन्तु यह है कि यदि विवाद एक ही मण्डल (डिविजन) के एक से अधिक जिलों के दो या दो से अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, यथास्थिति, मण्डल के उप निबन्धक या मुख्यालय के उप निबन्धक को किया जायेगा: परन्तु यह और कि यदि विवाद विभिन्न मण्डलों के एक से अधिक जिले की दो या उससे अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, क्षेत्र (रीजन) के क्षेत्राधिकारयुक्त उप निबन्धक/अपर निबन्धक, मुख्यालय को किया जायेगा: परन्तु यह और भी कि यदि विवाद एक से अधिक अपर निबन्धकों के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत क्षेत्र (क्षेत्रों) में दो या उससे अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, धारा 3 की उप धारा 1 के

सहकारी समितियां को किया जायेगा।

(ख) यथास्थिति मण्डल के उप निबन्धक या मुख्यालय के उप निबन्धक को किया जायेगा यदि विवाद के अन्तर्गत सम्पत्ति का मूल्य या दावे की धनराशि पचास हजार रुपये से अधिक किन्तु दो लाख रुपये से अधिक न हो:

प्रतिबंध यह है कि यदि विवाद अधिक मण्डलों के जिलों की दो या उससे अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, सम्बन्धित क्षेत्र के क्षेत्राधिकारयुक्त उप निबन्धक/अपर निबन्धक मुख्यालय को किया जायेगा।

अग्रेत्तर प्रतिबंध यह है कि यदि विवाद एक से अधिक अपर निबन्धकों के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत क्षेत्रों में दो या अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, धारा 3 की उप धारा (1) के अधीन नियुक्त निबन्धक, सहकारी समितियां को किया जायेगा।

(ग) सम्बन्धित क्षेत्र के क्षेत्राधिकारयुक्त **अपर निबन्धक,** मुख्यालय को किया जायेगा यदि विवाद में अन्तर्ग्रस्त सम्पत्ति का मूल्य या दावें की धनराशि दो लाख रुपये से अधिक किन्तु पांच लाख रुपये से अधिक न हो:

प्रतिबंध यह है कि यदि विवाद एक से अधिक अपर निबन्धकों के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत क्षेत्रों में दो या उससे अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, उपधारा (1) के अधीन नियुक्त निबन्धक, सहकारी समितियां को किया जायेगा।

अधीन नियुक्त निबन्धक, सहकारी समितियां को किया जायेगा।

(ख) यथास्थिति मण्डल के उप निबन्धक या मुख्यालय के उप निबन्धक को किया जायेगा यदि विवाद के अन्तर्गत सम्पत्ति का मूल्य या दावे की धनराशि **दो लाख रुपये से अधिक किन्तु पाँच लाख रुपये से अधिक न हो:**

परन्तु यह कि यदि विवाद अधिक मण्डलों के जिलों की दो या उससे अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, सम्बन्धित क्षेत्र के क्षेत्राधिकारयुक्त उप निबन्धक/ अपर निबन्धक मुख्यालय को किया जायेगा।

परन्तु यह और कि यदि विवाद एक से अधिक अपर निबन्धकों के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत क्षेत्रों में दो या अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, धारा 3 की उप धारा (1) के अधीन नियुक्त निबन्धक, सहकारी समितिया को किया जायेगा।

(ग) सम्बन्धित क्षेत्र के क्षेत्राधिकारयुक्त **संयुक्त निबन्धक,** मुख्यालय को किया जायेगा यदि विवाद में अन्तर्ग्रस्त सम्पत्ति का मूल्य या दावे की धनराशि **पाँच लाख रुपये से अधिक किन्तु दस लाख रुपये से अधिक** न **हों:**

परन्तु यह कि यदि विवाद एक से अधिक संयुक्त निबन्धकों के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत क्षेत्रों में दो या अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, अपर निबन्धक मुख्यालय को किया जायेगा।

परन्तु यह कि यदि विवाद एक से अधिक अपर निबन्धकों के

	क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत क्षेत्रों में हो तो निर्देश, धारा 3 की उप धारा 1 के अधीन नियुक्त निबन्धक, सहकारी समितियां को किया जायेगा।
(घ) यदि निर्देश धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त निबन्धक, सहकारी समितियां को किया जायेगा तो विवाद में अन्तर्ग्रस्त सम्पत्ति मूल्य या दावे की धनराशि पांच लाख रुपये से अधिक होनी चाहिये।	(घ) सम्बन्धित क्षेत्र के क्षेत्राधिकारयुक्त अपर निबन्धक को किया जायेगा यदि विवाद में अन्तर्ग्रस्त सम्पत्ति का मूल्य या दावें की धनराशि दस लाख **रुपये से अधिक किन्तु पन्द्रह लाख रुपये से अधिक न हों:** परन्तु यह कि यदि विवाद एक से अधिक अपर निबन्धकों के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत क्षेत्रों में दो या अधिक सहकारी समितियों के बीच हो तो निर्देश, धारा 3 की उपधारा 1 के अधीन नियुक्त निबन्धक, सहकारी समितियां को किया जायेगा।
	(ड.) यदि निर्देश धारा 3 की उप धारा (1) के अधीन नियुक्त निबन्धक, सहकारी समितियां को किया जायेगा तो विवाद में अन्तर्ग्रस्त सम्पत्ति मूल्य या दावे की धनराशि **पन्द्रह लाख रुपये से अधिक होनी चाहिये।**

नियम 273 का संशोधन

7. मूल नियमावली के स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 273 के खण्ड (क) के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा तथा खण्ड (ख) को विलोपित कर दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(क) न्यायाधिकरण का अध्यक्ष या सदस्य अपना पद धारण करने की तिथि से सात वर्ष के लिये पद पर बना रहेंगा: परन्तु यह कि कोई भी व्यक्ति न्यायाधिकरण का अध्यक्ष अथवा सदस्य नहीं रहेंगा:, यदि उसने: (i) अध्यक्ष के मामले में 67 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो: और	(क) न्यायाधिकरण का अध्यक्ष या सदस्य अपना पद धारण करने की तिथि से **तीन वर्ष के लिये अथवा 65 की आयु जो भी पहले हो,** पद पर बना रहेंगा :

(ii) सदस्य के मामले में 66 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो।	
(ख) यदि कोई व्यक्ति अपनी अधिवर्षता की उम्र प्राप्त करने से पूर्व अध्यक्ष या सदस्य के रुप में कार्य कर रहा हो तो वह भले ही अपनी मूल सेवा से सेवानिवृत्त हो चुका हो, परन्तु न्यायाधिकरण के अध्यक्ष या सदस्य के रुप में 67 या 66 वर्ष की आयु तक जैसी भी स्थिति हो तक निरन्तर कार्य करता रहेगा और उसके लिये अलग से अधिसूचना जारी करने की आवश्यकता नहीं होगी।	(ख) विलोपित।

नियम 376 का संशोधन

8. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 376 के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्:–

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(1) धारा 65 की उपधारा (2) के अधीन किसी सहकारी समिति की जाँच के लिये प्रार्थना–पत्र के साथ निम्नलिखित शुल्क देय होगा:–	(1) धारा 65 की उपधारा (2) के अधीन किसी सहकारी समिति की जाँच के लिये कि, शिकायतकर्ता द्वारा जांच के प्रार्थना–पत्र के साथ रु0 100 का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, प्रार्थना–पत्र के साथ निम्नलिखित शुल्क देय होगा:–
(1) किसी प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समिति–25 रु0	**(1)** किसी प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समिति– **50 रु0**
(2) जिला स्तर की केन्द्रीय सहकारी समिति–100 रु0	**(2)** जिला स्तर की केन्द्रीय सहकारी समिति–**500 रु0**
(3) शीर्ष स्तर की सहकारी समिति–500 रु0	**(3)** शीर्ष स्तर की सहकारी समिति– **1000 रूपये**
(4) किसी अन्य सहकारी समिति–100 रु0	**(4)** किसी अन्य सहकारी समिति–200 रु0

नियम 377 का संशोधन

9. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 377 के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
किसी सहकारी समिति के ऋणदाता द्वारा धारा 66 के अधीन निरीक्षण के लिये प्रार्थना–पत्र के	किसी सहकारी समिति के ऋणदाता द्वारा धारा 66 के अधीन निरीक्षण के लिये

साथ निम्नलिखित शुल्क देय होगा:–	प्रार्थना–पत्र के साथ निम्नलिखित शुल्क देय होगा:–
(1) किसी प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समिति–25 रु0	(1) किसी प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समिति– 50 रु0
(2) जिला स्तर की केन्द्रीय सहकारी समिति–100 रू0	(2) जिला स्तर की केन्द्रीय सहकारी समिति–500 रु0
(3) शीर्ष स्तर की सहकारी समिति–500 रु0	(3) शीर्ष स्तर की सहकारी समिति–1000 रु0
(4) किसी अन्य सहकारी समिति–100 रु0	(4) किसी अन्य सहकारी समिति–200 रु0

नियम 378 का संशोधन **10. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 378 के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्:–**

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा जो न तो सहकारी समिति का सदस्य हो और न उसका लेनदार हो, किसी सहकारी समिति का निरीक्षण करने या उसके कार्यों से सम्बद्ध मामलों की जाँच करने के लिये दिये गये किसी प्रार्थना–पत्र पर तब तक कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी, जब तक कि ऐसे प्रार्थना–पत्र के साथ 500 रुपये का शुल्क न दिया गया हो। **स्पष्टीकरण–** इस नियम के प्रयोजन के लिये पद "सदस्य" में साधारण निकाय का एक सदस्य और समिति के प्रबन्ध समिति का एक सदस्य भी सम्मिलित होगा।	किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा जो न तो सहकारी समिति का सदस्य हो और न उसका लेनदार हो, किसी सहकारी समिति का निरीक्षण करने या उसके कार्यों से सम्बद्ध मामलों की जाँच करने के लिये दिये गये किसी प्रार्थना–पत्र पर तब तक कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी, जब तक कि ऐसे प्रार्थना–पत्र के साथ **1000 रुपये** का शुल्क न दिया गया हो। **स्पष्टीकरण–** इस नियम के प्रयोजन के लिये पद "सदस्य" में साधारण निकाय का एक सदस्य और समिति की प्रबन्ध समिति का एक सदस्य भी सम्मिलित होगा।

नियम 379 का संशोधन **11. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 379 के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्:–**

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(क) किसी विवाद के निबटारे के लिये धारा 70 की उपधारा (1) के अधीन किसी निर्देश के साथ– (क) 50 रुपये (पचास रुपये) शुल्क अपेक्षित	(क) किसी विवाद के निबटारे के लिये धारा 70 की उपधारा (1) के अधीन किसी निर्देश के साथ– (क) **100 रुपये (सौ रुपये)** शुल्क अपेक्षित

होगा, यदि निर्देश नियम 247 के उपनियम (1) के खण्ड (क) के अन्तर्गत आता हो और सम्पत्ति का मूल्य या निर्देश में अन्तर्ग्रस्त दावे की धनराशि 5,000 रुपये (पाँच हजार रुपये) से अधिक न हो।	होगा, यदि निर्देश नियम 247 के उपनियम (1) के खण्ड (क) के अन्तर्गत आता हो और सम्पत्ति का मूल्य या निर्देश में अन्तर्ग्रस्त दावे की धनराशि 5,000 रुपये (पाँच हजार रुपये) से अधिक न हो।
(ख) सम्पत्ति के मूल्य या निर्देश में अन्तर्ग्रस्त दावे की धनराशि के एक प्रतिशत की दर पर शुल्क देय होगा, किन्तु 25000 रु0 (पच्चीस हजार रुपये) से अधिक न होगा, यदि निर्देश नियम 247 के उपनियम (1) के खण्ड (क), (ख), (ग) या (घ) के अन्तर्गत आता हो और सम्पत्ति का मूल्य या निर्देश में अन्तर्ग्रस्त दावे की धनराशि 5,000 रुपये (पाँच हजार रुपये) से अधिक हो:,	(ख) सम्पत्ति के मूल्य या निर्देश में अन्तर्ग्रस्त दावे की धनराशि के एक प्रतिशत की दर पर शुल्क देय होगा, किन्तु **50000 रु0 (पचास हजार रुपये)** से अधिक न होगा, यदि निर्देश नियम 247 के उपनियम (1) के खण्ड (क), (ख), (ग) या (घ) के अन्तर्गत आता हो और सम्पत्ति का मूल्य या निर्देश में अन्तर्ग्रस्त दावे की धनराशि 5,000 रुपये (पाँच हजार रुपये) से अधिक हो:,
(ग) 500 रुपये (पाँच सौ रुपये) का शुल्क देय होगा, यदि निर्देश नियम 247 के उपनियम (2) या उप नियम (3) के अन्तर्गत आता हो, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि यदि वादी के अनुरोध पर धारा 71 की उपधारा (1) के अधीन मध्यस्थ मण्डल संगठित किया जाये, तो शुल्क की धनराशि वह होगी जो पूर्ववर्ती संगत खण्ड के अधीन देय हो और उसके अतिरिक्त उसका दस प्रतिशत या 50 रुपये (पचास रुपये) इसमें जो भी अधिक हो, देय होगा।	(ग) **1000 रुपये (एक हजार रुपये)** का शुल्क देय होगा यदि निर्देश नियम 247 के उपनियम (2) या उप नियम (3) के अन्तर्गत आता हो, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि यदि वादी के अनुरोध पर धारा 71 की उपधारा (1) के अधीन मध्यस्थ मण्डल संगठित किया जाये, तो शुल्क की धनराशि वह होगी जो पूर्ववर्ती संगत खण्ड के अधीन देय हो और उसके अतिरिक्त उसका दस प्रतिशत या **100 रुपये (एक सौ रुपये)** इसमें जो भी अधिक हो, देय होगा।

नियम 380 का संशोधन

12. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 380 के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्:–

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
अपील का ज्ञापन के साथ–	**अपील का ज्ञापन के साथ–**
(क) 50 रु0 शुल्क अपेक्षित होगा, यदि अपील धारा 98 की उपधारा (1) खण्ड (ग) में निर्दिष्ट निर्णय के विरुद्ध हो:	(क) **100** रु0 शुल्क अपेक्षित होगा, यदि अपील धारा 98 की उपधारा (1) खण्ड (ग) में निर्दिष्ट निर्णय के विरुद्ध हो:

(ख) नियम 379 में विनिर्दिष्ट दर की दोगुनी दर पर शुल्क देय होगा, यदि अधिनियम की धारा 97 की उपधारा (1) या धारा 98 की उपधारा (1) के खण्ड (ज) में विनिर्दिष्ट अधिनिर्णय के विरुद्ध हो;	(ख) नियम 379 में विनिर्दिष्ट दर की दोगुनी दर पर शुल्क देय होगा, यदि अधिनियम की धारा 97 की उपधारा (1) या धारा 98 की उपधारा (1) के खण्ड (ज) में **विनिर्दिष्ट अधिनिर्णय** के विरुद्ध हो;
(ग) **अन्य सभी मामलों में–**	(ग) **अन्य सभी मामलों में–**
(1) यदि अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त सहकारी समितियों का निबन्धक या धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन नियुक्त अपर निबन्धक या उप निबन्धक अपीलीय प्राधिकारी हो, तो निम्नलिखित दर पर शुल्क देय होगा:–	(1) यदि अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त सहकारी समितियों का निबन्धक या धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन नियुक्त अपर निबन्धक या उप निबन्धक अपीलीय प्राधिकारी हो, तो निम्नलिखित दर पर शुल्क देय होगा:–
(क) दावे की धनराशि का दो प्रतिशत यदि वह धनराशि या सम्पत्ति का दावा हो;	(क) दावे की धनराशि का दो प्रतिशत यदि वह धनराशि या सम्पत्ति का दावा हो;
(ख) 200 रुपये (दो सौ रुपये) का शुल्क यदि वह धनराशि या सम्पत्ति का दावा न हो।	(ख) **250 रुपये** (दो सौ पचास रुपये) का शुल्क यदि वह धनराशि या सम्पत्ति का दावा न हो।
(1) 500 रुपये (पांच सौ रुपये) का शुल्क यदि राज्य सरकार अपीलीय प्राधिकारी हो,	(1) **1000 रुपये** (रु० एक हजार) का शुल्क यदि राज्य सरकार अपीलीय प्राधिकारी हो,
(2) 500 रुपये (पांच सौ रुपये) का शुल्क यदि सहकारी न्यायाधिकरण अपीलीय प्राधिकारी हो,	(2) **1000 रुपये** (एक हजार रुपये) का शुल्क यदि सहकारी न्यायाधिकरण अपीलीय प्राधिकारी हो,
(3) 200 रुपये (दो सौ रुपये) का शुल्क यदि खण्ड (एक) या खण्ड (दो) या खण्ड (तीन) में उल्लिखित प्राधिकारी से भिन्न कोई प्राधिकारी अपीलीय प्राधिकारी हो।	(3) **250 रुपये** (दो सौ पचास रुपये) का शुल्क यदि खण्ड (एक) या खण्ड (दो) या खण्ड (तीन) में उल्लिखित प्राधिकारी से भिन्न कोई प्राधिकारी अपीलीय प्राधिकारी हो।

नियम 382 का संशोधन

13. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 382 के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्–

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
धारा 101 के अधीन किसी अपील के स्थानान्तरण के लिये प्रार्थना–पत्र के साथ निम्नलिखित दरों पर शुल्क देय होगा:–	धारा 101 के अधीन किसी अपील के स्थानान्तरण के लिये प्रार्थना–पत्र के साथ निम्नलिखित दरों पर शुल्क देय होगा:–

(क) 400 रुपये (चार सौ रुपये) का शुल्क, यदि अपील के संक्रमण के लिये प्रार्थना–पत्र, धारा 101 की उपधारा (1) के अन्तर्गत आता हो:	(क) **500** रुपये (पांच सौ रुपये) का शुल्क, यदि अपील के संक्रमण के लिये प्रार्थना–पत्र, धारा 101 की उपधारा (1) के अन्तर्गत आता हो:
(ख) 400 रुपये (चार सौ रुपये) का शुल्क, यदि अपील के संक्रमण के लिये प्रार्थना–पत्र, धारा 101 की उप धारा (2) के अन्तर्गत आता हो:	(ख) **500** रुपये (पांच सौ रुपये) का शुल्क, यदि अपील के संक्रमण के लिये प्रार्थना–पत्र, धारा 101 की उप धारा (2) के अन्तर्गत आता हो:
(ग) 200 रुपये (दो सौ रुपये) का शुल्क, यदि अपील के संक्रमण के लिये प्रार्थना–पत्र, धारा 101 की उप धारा (3) के अन्तर्गत आता हो:	(ग) **250** रुपये (दो सौ पचास रुपये) का शुल्क, यदि अपील के संक्रमण के लिये प्रार्थना–पत्र, धारा 101 की उप धारा (3) के अन्तर्गत आता हो:

नियम 383 का संशोधन

14. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 383 के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्:–

स्तम्भ 1 **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ 2** **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
निष्पादन की कार्यवाहियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित शुल्क दिया जायेगा:– (क) किसी अधिनिर्णय या आदेश के निष्पादन के निमित्त प्रार्थना–पत्र के लिये– (1) यदि वसूल की जाने वाली धनराशि, 1000 रुपये (एक हजार रुपये) उससे कम हो रु010.00 (2) यदि वसूल की जाने वाली धनराशि, 1000 रुपये (एक हजार रुपये) से अधिक हो, तो प्रति सौ रुपये या उसके भाग के लिये 10 पैसे की दर से अतिरिक्त शुल्क, किन्तु अधिक से अधिक 500 रु0 (पांच सौ रुपये) लिया जायेगा।	निष्पादन की कार्यवाहियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित शुल्क दिया जायेगा:– (क) किसी अधिनिर्णय या आदेश के निमित्त प्रार्थना–पत्र के लिये– (1) यदि वसूल की जाने वाली धनराशि, 1000 रूपये (एक हजार रूपये) उससे कम हो **100.00 रू0** (2) यदि वसूल की जाने वाली धनराशि, 1000 रुपये (एक हजार रुपये) से अधिक हो, तो प्रति सौ रुपये या उसके भाग के लिये 10 पैसे की दर से अतिरिक्त शुल्क, किन्तु अधिक से अधिक **1000 रु0** (एक हजार रुपये) लिया जायेगा।
(ख) निष्पादन की कार्यवाहियों के अन्तर्गत प्रत्येक नोटिस के लिये–10.00 रु0	(ख) निष्पादन की कार्यवाहियों के अन्तर्गत प्रत्येक नोटिस के लिये–**50.00 रु0**
(ग) प्रत्येक निर्णीत–ऋणी की अचल सम्पत्ति की कुर्की के लिये–25.00 रु0	(ग) प्रत्येक निर्णीत–ऋणी की अचल सम्पत्ति की कुर्की के लिये–**100.00 रु0**

(घ) प्रत्येक बिक्री हेतु बिक्री के पूर्व प्रतिदिन के विज्ञापन के निमित्त डुग्गी पीटने के लिये–20.00 रु0	(घ) प्रत्येक बिक्री हेतु बिक्री के पूर्व प्रतिदिन के विज्ञापन के निमित्तं डुग्गी पीटने के लिये–150 रु0
(ड.) प्रत्येक बिक्री के लिये विक्रय शुल्क–25.00रु0	(ड.) प्रत्येक बिक्री के लिये विक्रय शुल्क–100 रु0
(च) बिक्री के विरुद्ध प्रत्येक आपत्ति–याचिका के लिये शुल्क–25.00 रु0	(च) बिक्री के विरुद्ध प्रत्येक आपत्ति–याचिका के लिये शुल्क–50 रु0
(छ) प्रत्येक निर्णीत ऋणी की अचल सम्पत्ति की कुर्की के लिये शुल्क–50.00 रु0	(छ) प्रत्येक निर्णीत ऋणी की अचल सम्पत्ति की कुर्की के लिये शुल्क 100 रु0
(ज) अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये शुल्क–50 रु0	(ज) अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये शुल्क 100 रु0

नियम 394 का संशोधन

15. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 394 के खण्ड (क) के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्:–

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(क) किसी भी सार्वजनिक व्यक्ति को, निबन्धक के कार्यालय में दाखिल किये गये किसी सार्वजनिक दस्तावेज का, जिसके अन्तर्गत भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 123, 124, 129 और 131 के अधीन विशेषाधिकृत सार्वजनिक दस्तावेज नहीं है, निरीक्षण के प्रत्येक अवसर पर 50/– रूपये (पचास रूपये) का शुल्क देने पर निरीक्षण करने की अनुज्ञा दी जायेगी।	किसी भी सार्वजनिक व्यक्ति को, निबन्धक के कार्यालय में दाखिल किये गये किसी सार्वजनिक दस्तावेज का, जिसके अन्तर्गत भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 123, 124, 129 और 131 के अधीन विशेषाधिकृत सार्वजनिक दस्तावेज नहीं है, निरीक्षण के प्रत्येक अवसर पर 100/– रूपये (सौ रूपये) का शुल्क देने पर निरीक्षण करने की अनुज्ञा दी जायेगी।

नियम 456 का संशोधन

16. मूल नियमावली के विद्यमान नियम 456 में–

(i) स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम 456 के उपनियम (2) के स्थान् पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्:–

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
निर्वाचन– अधिकारी, प्रबन्ध समिति के सदस्यों के निर्वाचन का नोटिस और कार्यक्रम के साथ–साथ सभापति, उपसभापति या प्रतिनिधियों	निर्वाचन– अधिकारी, प्रबन्ध समिति के सदस्यों के निर्वाचन का नोटिस और कार्यक्रम के साथ–साथ सभापति या

के निर्वाचन का दिनांक, कार्यक्रम भी सूचित करेगा और वह स्थान भी विनिर्दिष्ट करेगा जहां उनका निर्वाचन होगा।	प्रतिनिधियों के निर्वाचन का दिनांक, कार्यक्रम भी सूचित करेगा और वह स्थान भी विनिर्दिष्ट करेगा जहां उनका निर्वाचन होगा: परन्तु यह कि जहाँ किसी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति की सामान्य निकाय में अन्य दुग्ध उत्पादक समितियों द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता हो, वहाँ सम्बन्धित समितियों का प्रतिनिधित्व उनके सभापतियों द्वारा ही किया जायेगा।

(ii) उपनियम (3)(ii) में नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान नियम के स्थान पर स्तम्भ दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात्:—

स्तम्भ 1 विद्यमान नियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
प्रबन्ध समिति के निर्वाचित एवं गैर सरकारी नामित सदस्य अन्य सहकारी समिति के, जिसकी वह समिति सदस्य हो, साधारण निकाय में समिति का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिनिधियों का निर्वाचन साधारण निकाय के अर्ह सदस्यों में से करेंगे। प्रतिबन्ध यह है कि सभापति, उपसभापति और प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए बुलाई गयी बैठक की गणपूर्ति (कोरम) मताधिकार प्राप्त सदस्यों की संख्या के आधे से अधिक होगी।	प्रबन्ध समिति के निर्वाचित एवं गैर सरकारी नामित सदस्य अन्य सहकारी समिति के जिसकी वह समिति सदस्य हो, साधारण निकाय में समिति का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिनिधियों का निर्वाचन साधारण निकाय के अर्ह सदस्यों में से करेंगे: परन्तु यह कि दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों की स्थिति में, जिन जिलों में दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ गठित नही हैं, उन जिलों में गठित अर्ह प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियों के निर्वाचित सभापतियों द्वारा नियम 552 से 554 में निर्वाचन हेतु विहित व्यवस्था अनुसार अर्ह निर्वाचित सभापतियों में से उत्तराखण्ड सहकारी डेरी फैडरेशन की साधारण निकाय में प्रतिनिधित्व करने हेतु दो प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया जाएगा: परन्तु यह और कि सभापति और प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए बुलाई गई बैठक की गणपूर्ति (कोरम) मताधिकार प्राप्त सदस्यों की संख्या के आधे से अधिक होगी।

<u>व्यवावृति</u> (17) इस नियमावली के नियम 7 के द्वारा मूल नियमावली में किए गये संशोधन इस नियमावली के प्रारम्भ से पूर्व नियुक्त न्यायाधिकरण के अध्यक्ष या सदस्यों पर लागू नहीं होंगे और मूल नियमावली के नियम 273 के उपबन्ध ऐसे अध्यक्ष या सदस्यों के मामले में वैसे ही लागू होंगे मानो यह नियमावली बनाई नहीं गयी है।

आज्ञा से,

आर मीनाक्षी सुन्दरम्,

सचिव।

In pursuance of the provision of Clause (3) of Article 348 of 'Constitution of India', The Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification No.313/XIV-1/2020-7(1)/2012 dated July 29, 2021 for general information.

NOTIFICATION

July 29, 2021

No.313/XIV-1/2020-7(1)/2012--In exercise of the powers conferred by Section 128 of the Uttarakhand Co-operative Societies Act, 2003 (Uttarakhand Act. No 5 of 2003), the Governor is pleased to make the following rules further to amend in the Uttarakhand Co-operative Societies Rules, 2004:-

THE UTTARAKHAND CO-OPERATIVE SOCIETIES (AMENDMENT) RULES, 2021

Short title and commencement

1- (1) These rules may be called the Uttarakhand Co-operative Societies (Amendment) Rules, 2021.

(2) It shall come into force at once.

Amendment of rule 155

2- In the Uttarakhand Co-operative Societies Rule, 2004 (hereinafter referred to as principal rules) for existing sub rule (1) of rule 155 as set out in column 1 below, the rule as set out in column 2 shall be substituted, namely:-

Column-1 Existing rule	Column-2 Rule as hereby Substituted
Every co-operative society shall out of its net profits contribute towards the Co-operative Education Fund within one month of the end of the financial year as follows:-	Every cooperative society shall out of its net profits contribute towards the Cooperative Education Fund within one month of the end of the financial year as follows:-
(a) Primary Cooperative Society Rs. 1,000 per annum.	(a) Primary Cooperative Society: (i) Rs. 5,000 if the net profit during the year under review is Rs 10 lakh or less, (ii) Rs. 10,000 if the net profit during the year is more than Rs 10 lakh and up to Rs 25 lakh. (iii) Rs. 20,000 if the net profit during the year is more than Rs 25 lakh and up to Rs 50 lakh. (iv) Rs. 40,000 if the net profit during the year is more than Rs 50 lakh and up to Rs 1 crore. (a) Rs. 50,000 if the net profit during the year is more than 1 crore.
(b) Districts/Central Cooperative Bank/ urban cooperative banks- Rs. 15,000 per annum.	(b) Districts/Central Cooperative Banks/Urban Cooperative Banks- Rs. 75,000 per annum;
(c) Other central cooperative society Rs. 7,000 per annum.	(c) Other Central Cooperative Societies. Rs. 20,000 per annum

(d) Uttaranchal coop bank-1, 50,000 per annum.	(d) Uttarakhand State Cooperative Bank Rs. 2,00,000 per annum
(e) Apex societies other than (d) above Rs. 40,000 per annum.	(e) Apex societies other than (d) above Rs. 1, 00,000 per annum.
Provided that registrar may remit fully or partially the contribution from any cooperative society on the ground of its bad financial condition.	Provided that Registrar may remit fully or partially the contribution from any cooperative society on the ground of its bad financial condition.

Amendment of rule 156

3. In the principal rules, for existing sub rule (1) of rule 156 as set out in column 1 below, the rule as set out in column 2 shall be substituted, namely:-

Column-1 **Existing rule**	**Column-2** **Rule as hereby Substituted**
(1) The Co-operative Education fund shall be administered by the Uttaranchal Co-operative Marketing Federation in accordance with the regulation referred to in Rule 160 and on the recommendation of a sub-committee constituted as follows:-	(1) The Co-operative Education fund shall be administered by the Uttarakhand Provincial Co-operative Union Ltd. in accordance with the regulations referred to in rule 160 and on the recommendation of a sub-committee constituted as follows:-
(i) One representative of each apex level co-operative society nominated by the committee of Management of the society concerned;	(i) One representative of each apex level co-operative society nominated by the committee of Management of the society concerned;
(ii) One nominee of the Cane Commissioner, Milk Commissioner and Director of Industries;	(ii) One nominee each of the Cane Commissioner, Director of Industries and Milk Commissioner, Director of Fisheries, Director of Animal Husbandry, Director of Horticulture.
(iii) One nominee nominated by Registrar from amongst the Chairman's of District Co-operative Banks for one year by rotation;	(iii) One nominee nominated by Registrar from amongst the Chairman's of District Co-operative Banks for one year by rotation;
(iv) Managing Director of Uttaranchal Co-operative Marketing Federation to act as Member convener.	(iv) Managing Director of Uttarakhand Provincial Co-operative Union Ltd. to act as Member convener.
(2) Chairman of Uttaranchal Co-operative Marketing Federation will be ex-officio chairman of	(2) The Uttarakhand Provincial Co-operative Union Ltd. shall be ex-officio chairman of the sub-

the sub-committee.	committee constituted for the management of the Cooperative Education Fund.

Amendment of rule 157 **4. In the principal rules for existing rule 157 as set out in column 1 below, the rule as set out in column 2 shall be substituted, namely:-**

Column-1 **Existing rule**	**Column-2** **Rule as hereby Substituted**
The Uttaranchal Co-operative Marketing Federation shall prepare regulations for the administration of the Co-operative Education Fund and matters connected therewith. These regulations shall be subject to the approval of the Registrar.	The Uttarakhand Provincial Co-operative Union Ltd. shall prepare regulations for the administration of the Co-operative Education Fund and matters connected therewith. These regulations shall be subject to the approval of the Registrar.

Amendment of rule 223 **5. In the principal rules for existing rule 223 as set out in column 1 below, the rule as set out in column 2 shall be substituted, namely:-**

Column-1 **Existing rule**	**Column-2** **Rule as hereby Substituted**
